दिनांकः 26.04.2026 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत ने विज्ञान को हमेशा देश की प्रगति से जोड़कर देखा है। इसी सोच के साथ वैज्ञानिक सिविल न्यूक्लियर प्रोग्राम को आगे बढ़ा रहे हैं। श्री मोदी आज आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' की 133वीं कड़ी को संबोधित कर रहे थे। पवन ऊर्जा का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पवन ऊर्जा के क्षेत्र में भारत आज दुनिया में चौथे स्थान पर है। उन्होंने लोगों से बिजली बचाने और स्वच्छ ऊर्जा अपनाने की अपील की।

000

प्रधानमंत्री ने मौजूदा वैश्विक हालात पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि आज दुनिया जिस तरह के तनाव और संघर्ष से गुजर रही है, ऐसे में भगवान गौतम बुद्ध का शांति और करूणा का संदेश प्रासंगिक है। देश के कोने–कोने से प्रकृति संरक्षण की कहानियां साझा करते हुए श्री मोदी ने ग्रेट इंडियन बस्टर्ड गोडावण की बढ़ती संख्या पर खुशी ज़ाहिर की।

000

प्रधानमंत्री ने देशवासियों से जनगणना–2027 प्रक्रिया में जिम्मेदारी से भागीदारी करने की अपील की। मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने बीटिंग रिट्रीट की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि इस यादगार समारोह में अलग–अलग बैंड्स के ज़रिये हमारी विविध संगीत परम्पराओं को बेहतरीन तरीके से प्रदर्शित किया गया।

000

जोधपुर के सरदार पटेल पुलिस सुरक्षा और दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय का चौथा दीक्षांत समारोह आज आयोजित किया जा रहा है। राज्यपाल और कुलाधिपति हरिभाऊ बागड़े समारोह में शिरकत कर रहे हैं। समारोह में 192 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी। वहीं 9 विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन पर स्वर्ण पदक दिये जाएंगे।

000

सिरोही जिले के मंडार क्षेत्र में एक सड़क हादसे में तीन लोगों मृत्यु हो गई और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस के अनुसार दुर्घटना कार और मोटरसाइकिल की टक्कर से हुई, जिसमें मोटरसाइकिल सवार एक ही परिवार के तीन युवकों की मौत हो गई।

उधर, झुंझुनूं जिले के ईशरपुरा के पास एक सड़क हादसे में तीन युवकों ने दम तोड़ दिया और एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। कार सवार ये युवक सोनासर में एक कायक्रम से लौट रहे थे कि कार के बेकाबू होकर पलटने से हादसे का शिकार हो गये।

वहीं बारां के कोटड़ी सुंडा गांव के पास एक कार के पार्वती नदी में गिर जाने से बीती रात एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई।

000

प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में तेज़ गर्मी, उमस और हीटवेव के हालात बने हुए हैं। वहीं कुछ जिलों में कल मौसम बदला और आंधी–बारिश का दौर चला। सीकर, बीकानेर, अलवर में पश्चिमी विक्षोभ के असर से हल्की बरसात हुई। वहीं राजसमंद में ओले भी गिरे। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों तक इस सिस्टम का असर बना रहेगा।

फिलहाल विभाग ने दो जिलों में बारिश का येलो अलर्ट और 13 जिलों में हीटवेव की चेतावनी जारी की है। राजधानी जयपुर में 31 दशमल 4 डिग्री सेल्सियस के साथ बीती रात सीजन की सबसे गर्म रात रही। वहीं बाड़मेर में दिन का पारा सबसे अधिक 46 डिग्री सेल्सियस मापा गया।

000

ग्रेट इण्डियन ट्रेवल बाजार–जीआईटीबी का 15वां संस्करण आज से जयपुर में आयोजित किया जा रहा है। ये पर्यटन को बढ़ावा देने वाला प्रमुख कार्यक्रम है। सीतापुरा स्थित जेईसीसी में 28 अप्रैल तक चलने वाले जीआईटीबी में 50 देशों के ट्यूर ऑपरेटर्स और पर्यटन से जुड़े प्रतिनिधि भाग लेंगे। इस दौरान टूर ऑपरेटर्स और ट्रेवल एजेंट्स को बी–टू–बी बैठकों के जरिये बातचीत का मौका मिलेगा। इसके साथ ही पर्यटन व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कारोबारी साझेदारियां हो सकेंगी।

000